वर्ष: 14 - अंक : 160, मुंबई, बुधवार, 21 अगस्त, 2024 ■ RNI.NO. MAHHIN/2010/34146 ■ संपादक: दिलशाद एस. खान

दैनिक

# मुंबई हलचल

भारत सरकार द्वारा विज्ञापन हेतु मान्यता प्राप्त ®

अब हर सच होगा उजागर







## डेवलपर को देनी होगी घर की गारंटी

### घर खरीदारों की बेहतरी के लिए महारेरा का नया नियम




**मुंबई हलचल/संवाददाता**

**मुंबई।** महाराष्ट्र रियल एस्टेट रेगुलेटरी अथॉरिटी (महारेरा) ने डेवलपर्स के लिए हर वित्तीय वर्ष के अंत में गुणवत्ता आश्वासन प्रमाण पत्र जमा करना और उसे अपनी वेबसाइट पर प्रकाशित करना अनिवार्य कर दिया है। इस कदम का उद्देश्य घर खरीदारों को बेहतर गुणवत्ता वाले घर उपलब्ध कराना और डेवलपर्स की जवाबदेही को बढ़ाना है। इस नियम को महारेरा जनरल रेगुलेशन 2017 में संशोधन के रूप में लागू किया गया है, जो अब सभी डेवलपर्स पर लागू है। लेकिन डेवलपर्स को अपनी परियोजना की गुणवत्ता को खुद प्रमाणित करना होगा। महारेरा का मानना है कि इस कदम से निर्माण की गुणवत्ता में सुधार होगा और घर खरीदारों को अच्छी गुणवत्ता वाले घर मिल सकेंगे, जिससे उन्हें समस्याओं को ठीक करने के लिए डेवलपर्स के पीछे भागने की जरूरत नहीं पड़ेगी। इससे प्रमोटर की जिम्मेदारी बढ़ जाएगी और घर खरीदारों को बेहतर गुणवत्ता वाले घर पाने में मदद मिलेगी।

(शेष पृष्ठ 3 पर)

### बदलापुर केस



## मंत्री गिरीश महाजन ने प्रदर्शनकारियों पर पुलिस कार्रवाई को ठहराया सही

# विपक्ष ने साधा निशाना

**मुंबई हलचल/संवाददाता**

**मुंबई।** ठाणे जिले के बदलापुर में एक स्कूल में दो बच्चियों के साथ कथित यौन उत्पीड़न के खिलाफ बदलापुर स्टेशन पर लोगों ने विरोध प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारी कई घंटे तक बदलापुर स्टेशन पर पटरियों पर बैठे रहे। इन्हें हटाने के लिए पुलिस ने लाठीचार्ज किया। पुलिस द्वारा की गई इस कार्रवाई को लेकर महाराष्ट्र में राजनीति शुरू हो गई है। महाराष्ट्र सरकार के मंत्री गिरीश महाजन ने प्रदर्शनकारियों के खिलाफ पुलिस की कार्रवाई को सही ठहराया।

(शेष पृष्ठ 3 पर)

## उद्धव ठाकरे बोले- 'महायुति' सरकार में बहनों की बेटियां सुरक्षित नहीं



शिवसेना (यूबीटी) प्रमुख उद्धव ठाकरे ने ठाणे जिले के एक स्कूल में दो बच्चियों के यौन शोषण के मामले में फास्ट ट्रैक अदालत में मुकदमा चलाने और जल्दी इंसाफ देने की मंगलवार को मांग की। ठाकरे ने पत्रकारों से कहा कि एक तरफ महायुति सरकार महिलाओं के लिए मुख्यमंत्री लाडकी बहिन योजना चला रही है, लेकिन बहनों की बेटियां सुरक्षित नहीं हैं।

(शेष पृष्ठ 3 पर)

### पूरे राज्य में प्रदर्शन करेगी शिवसेना

महाजन के बयान के बाद विधान परिषद में नेता प्रतिपक्ष एवं शिवसेना (यूबीटी) के नेता अंबादास दानवे ने स्कूल में यौन उत्पीड़न की घटना को लेकर महायुति सरकार को आड़े हाथ लिया। उन्होंने घोषणा की कि उनकी पार्टी बुधवार से सत्तारूढ़ गठबंधन के खिलाफ पूरे राज्य में प्रदर्शन करेगी।

### अभिभावकों का विरोध प्रदर्शन

घटना के बाद, अभिभावकों ने व्यापक विरोध प्रदर्शन किया है, जिसने मंगलवार को हिंसक रूप ले लिया। गुस्साए प्रदर्शनकारियों ने स्कूल में तोड़फोड़ की। वे बदलापुर स्टेशन पर पटरियों पर उतर आए और लोकल ट्रेनों का परिचालन अवरुद्ध कर दिया। सुबह करीब 8.30 बजे उपनगरीय ट्रेनों का मार्ग अवरुद्ध हो गया। उन्होंने रेलवे स्टेशन पर पथराव भी किया। इससे पहले मंगलवार सुबह, स्कूली बच्चों के गुस्साए अभिभावक और स्थानीय नागरिक स्कूल के बाहर एकत्र हुए। उन्होंने स्कूल के खिलाफ कार्रवाई और घटना में शामिल आरोपियों के खिलाफ कठोर सजा की मांग की थी।

### 10 घंटे बाद लोकल शुरू

मध्य रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी स्वप्निल नीला ने बताया कि पहली उपनगरीय ट्रेन निलंबित होने के लगभग 10 घंटे बाद रात 8:05 बजे बदलापुर स्टेशन पहुंची। नीला ने कहा, पहली अप लोकल (खोपोली-सीएसएमटी) और डाउन लोकल (सीएसएमटी-कर्जत) दोनों रात 8:05 बजे बदलापुर से गुजरीं।



### तीन पुलिसकर्मी निलंबित

सरकार ने इस मामले की जांच में कथित तौर पर कर्तव्य निर्वहन में लापरवाही के लिए एक वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक सहित तीन पुलिस अधिकारियों को मंगलवार को निलंबित कर दिया है। उप मुख्यमंत्री और गृह मंत्री देवेंद्र फडणवीस ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, बदलापुर पुलिस थाने से जुड़े वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक, सहायक उप-निरीक्षक और हेड कांस्टेबल को कर्तव्य निर्वहन में लापरवाही के लिए तत्काल निलंबित करने के आदेश जारी किए गए हैं।

### जांच के लिए एसआईटी गठित

राज्य सरकार ने दो छात्राओं के कथित यौन शोषण की जांच के लिए पहले ही एक विशेष जांच दल (एसआईटी) गठित करने का आदेश दे दिया है। इससे पहले दिन में फडणवीस ने ठाणे पुलिस आयुक्त को मामले की सुनवाई फास्ट ट्रैक अदालत में करने के लिए प्रस्ताव तैयार करने का निर्देश दिया था।

## हमारी बात

### रिटेल सेक्टर में मंदी

**पिछले वित्त वर्ष में रिटेल सेक्टर के कारोबार में चार प्रतिशत की गिरावट आई। कोरोना महामारी के बाद इस क्षेत्र में उछाल देखने को मिला था। लेकिन वह दौर गुजर चुका है। रिटेल सेक्टर में मंदी की पुष्टि दूसरे आंकड़ों से भी होती है।**

संगठित रिटेल सेक्टर पिछले वित्त वर्ष (2023-24) किन हालात से गुजरा, इसकी एक झलक अब सामने आई है। ये खबर आम भारतीयों की माली हालत का एक आईना भी है। पिछले वित्त वर्ष में संगठित रिटेल सेक्टर में हजारों कर्मचारियों की छंटनी की गई। सिर्फ पांच बड़े रिटेलर्स- रिलायंस इंडस्ट्रीज की रिटेल शाखा, टाइटन, रेमंड, पेज और स्पेन्सर्स ने अपने 52 हजार कर्मचारी हटा दिए। रिटेल सेक्टर में कर्मचारियों की कटौती की सूचना खुद कंपनियों की वार्षिक रिपोर्ट से सामने आई है। अब संगठित रिटेल का यह हाल हो, तो असंगठित क्षेत्र का अंदाजा लगाया जा सकता है। उल्लेखनीय है कि कृषि के बाद रिटेल सेक्टर ही भारत में सबसे ज्यादा लोगों को रोजगार मुहैया कराता है। इस क्षेत्र के जानकारों ने कहा है कि 2022 की दिवाली के बाद से रिटेल सेक्टर मंदा पड़ने लगा। उपभोक्ताओं ने वस्त्र, लाइफस्टाइल प्रोडक्ट्स, इलेक्ट्रॉनिक्स आदि पर खर्च घटा दिए। साथ ही बाहर जाकर खाने के चलन में भी बड़ी गिरावट देखने को मिली है। कुल मिला कर पिछले वित्त वर्ष में रिटेल सेक्टर के कारोबार में चार प्रतिशत की गिरावट आई। कोरोना महामारी के बाद इस क्षेत्र में उछाल देखने को मिला था। लेकिन वह दौर अब गुजर चुका है। रिटेल सेक्टर में मंदी की पुष्टि एक दूसरे आंकड़े से भी होती है। बीते पांच साल से इस क्षेत्र में नए स्टोर खोलने के लिए क्षेत्र विस्तार की दर गिरती चली गई है। जाहिर है, जब बाजार में मांग बढ़ रही होती है, तो नए स्टोर खुलते हैं और उनमें नई नौकरियां पैदा होती हैं। मांग का सीधा संबंध आय बढ़ने से है। जबकि भारत की असल कहानी यह है कि औसत वास्तविक आय में गिरावट दर्ज हुई है। कमरतोड़ महंगाई ने लोगों की आमदनी का मूल्य गिरा दिया है। परिणामस्वरूप कारोबार सिकुड़े हैं और नौकरियां घटी हैं। इस तरह देश एक दुश्चक्र में फंस गया है। यह बात आम शख्स से लेकर विशेषज्ञ अर्थशास्त्रियों तक के सामने स्पष्ट है। यह सिर्फ केंद्र सरकार ही है, जो इस सच को स्वीकार नहीं करती और गढ़े गए आंकड़ों के जरिए फर्जी कथानक तैयार करने में जुटी रहती है।

# फेमिना मिस इंडिया 2024: राज्य विजेता तैयार, ग्रैंड फिनाले में मुकाबला होगा

## मिस इंडिया 2024 का ताज पाने के लिए राज्य विजेता हुए तैयार

**मुंबई हलचल/ संवाददाता**

**मुंबई।** हाल ही में टॉप्स और रजनीगंधा पर्ल्स द्वारा सह- प्रायोजित फेमिना मिस इंडिया 2024 ने सभी राज्य विजेताओं की घोषणा की है, सभी विजेता आने वाले ग्रैंड फिनाले में प्रतिस्पर्धा करेंगे और 60वीं फेमिना मिस इंडिया की विजेता को 73वीं मिस वर्ल्ड प्रतियोगिता में भारत का प्रतिनिधित्व करने का मौका मिलेगा। इस प्रतियोगिता का आयोजन भारत की अगली वैश्विक सौंदर्य आइकन को खोजने के एक कदम और करीब ले जाता है। प्रजेंट का भव्य आयोजन पेजेंट के समृद्ध इतिहास को उभारने के साथ-साथ भारतीय महिलाओं के भविष्य को भी उज्जवल करता है। 6 दशकों की सफलता के साथ, यह पेजेंट अब महिलाओं के लिए एक मंच बन चुका है जिसने अनगिनत महिलाओं को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर एक पहचान दी है। इनमें से कई महिलाएं तो ग्लैमर और इंटरटेनमेंट इंडस्ट्री में आइकन बन चुकी हैं। फेमिना मिस इंडिया भारतीय समाज का एक महत्वपूर्ण हिस्सा रही है, जिसने समाज में महत्वपूर्ण योगदान देने वाली महिलाओं के जीवन को एक आकार दिया है। अपने 60वें साल में , पेजेंट भारतीय महिलाओं को सशक्त बनाने और उन्हें अपनी प्रतिभा, बुद्धिमत्ता और सौंदर्य को प्रदर्शित करने का एक मंच प्रदान करने में पूरी लगन से कार्यरत है। पेजेंट की 5 महीने तक चलने वाली राष्ट्रीय चयन प्रक्रिया को जबरदस्त प्रतिक्रिया मिली। ऑनलाइन स्क्रीनिंग के बाद, प्रेजेंट ने देश के हर क्षेत्र में पांच शहरों (उत्तर में दिल्ली-एनसीआर, पूर्व में कोलकाता, उत्तर-पूर्व में गुवाहाटी, साउथ में बेंगलुरु और पश्चिम में मुंबई) का दौरा किया और क्षेत्रीय ऑडिशंस आयोजित किए। हजारों प्रतियोगियों ने अपने राज्य के किताब के लिए प्रतिस्पर्धा की। राज्य के शीर्ष 5 फाइनलिस्ट को मुंबई में मेगा ऑडिशन के लिए आमंत्रित किया गया, जहां से 30 राज्य विजेताओं का चयन हुआ, जिनमें 29 राज्य से और 1 संघ शासित प्रदेश से हैं। ये सभी विजेता ग्रैंड फिनाले में प्रतिस्पर्धा करेंगे। इंडस्ट्री एक्सपर्ट और पूर्व पेजेंट टाइटल होल्डर्स, यानी एक प्रतिष्ठित जूरी पैनल ने प्रतियोगियो का मूल्यांकन सुंदरता, फिटनेस, बातचीत का तरीका, इंटेलिजेंस, व्यक्तित्व, स्टेज प्रजेंस, बॉडी लैंग्वेज और आत्मविश्वास जैसे अलग-अलग मापदंडों पर किया। यह सभी राज्य विजेता आत्म सशक्त और आधुनिक भारतीय महिला की सच्चाई को दशार्ते हैं।




## कोलकाता कांड के विरोध में कानपुर में जारी



### डॉक्टरों का आंदोलन, जुलूस निकाला, पुतला फूंका

**कानपुर।** कोलकाता में रेजिडेंट डॉक्टर की रेप के बाद हत्या किए जाने विरोध में यहां के डॉक्टरों का आंदोलन लगातार जारी है। आज मंगल वार को उन्होंने जुलूस निकालकर पुतला भी जलाया। कानपुर में आज छठवें दिन जारी हड़ताल के दौरान डॉक्टरों ने लोगों से आंदोलन में बड़ी संख्या में जुड़ने की भी अपील की। आज मंगलवार को रेजिडेंट डॉक्टरों ने सड़कों पर उतरकर विरोध प्रदर्शन किया और कानपुर मेडिकल कॉलेज से जुलूस निकालते हुए जेके कैंसर अस्पताल रावतपुर तक पहुंचे। इस दौरान उन्होंने नारेबाजी करते हुए न्याय की मांग की। इसके बाद हत्यारे का पुतला फूंका। रेजिडेंट डॉक्टरों ने प्रदर्शन के दौरान कहा कि हत्यारों को फांसी देनी चाहिए, क्योंकि यह एक बहुत ही जघन्य अपराध हुआ है और जल्द से जल्द इस मामले में दोषियों पर कड़ी कार्रवाई होनी चाहिए। इस दौरान डॉक्टरों ने यह भी चेतावनी दी कि यदि यह मांगे पूरी नहीं हुई तो मजबूरी में यह प्रदर्शन और भी ज्यादा उग्र होगा। रैली के दौरान डॉक्टर ने 'वी वॉन जस्टिस', 'हत्यारों को फांसी दो', 'शौक नहीं मजबूरी है, ये हड़ताल जरूरी है' जैसे नारे भी लगाकर अपना विरोध प्रदर्शन किया।




बंगाल में भाजपा नही है इसलिए भाजपा ने कोलकाता रेप केस के खिलाफ मुखर होने में देरी नहीं की और आंदोलन खड़ा कर दिया। उत्तराखंड में भाजपा की सरकार है, रूद्रपुर में अस्पताल से लौट रही नर्स तस्लीम जहां को धर्मेंद्र नामी दरिंदे ने बलात्कार के बाद मार डाला, तस्लीम जहां को इंसाफ दिलाने के नाम पर बीजेपी और समर्थक तो खामोश हैं ही, साथ ही विपक्ष भी खामोश है! ऐसा क्यों? ऐसी ही एक घटना देहरादून में लड़की के साथ बस के ड्राइवर और कंडक्टर के द्वारा बस में रेप भाजपा सरकार को शर्म आनी चाहिए, जल्द से जल्द दरिंदा गिरफ्तार होना चाहिए, तस्लीम जहां और रेप पीड़ित को इंसाफ मिले, दरिंदों को फांसी पर लटकाया जाए।

**अब्दुल कादिर (प्रदेश सचिव, जमीयत उलेमा ए हिन्द उत्तराखंड पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष अल्पसंख्यक मोर्चा आम आदमी पार्टी उत्तराखंड हल्द्वानी)**

मालिक,मुद्रक,प्रकाशक-**दिलशाद एस खान** द्वारा एस आर प्रिंटिंग प्रेस,मोहन अर्जुन कंपाउंड, वैशाली नगर दहिसर (पूर्व),मुंबई-68 से मुद्रित व मुंबई हलचल,साईं मंगल को ऑ हॉ सो बी-2-301,इस्माइल बाग नियर मालाड शॉपिंग सेंटर, एस वी रोड,मालाड (प ) मुंबई से प्रकाशित RNI NO MAHHIN/2010/34146, फोन:**9619102478 /9821238815**
email: mumbaihalchal@gmail com संपादक: **दिलशाद एस खान,** समाचार पत्र में छपे किसी भी समाचार से संपादक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है। किसी भी विवाद का निपटारा न्याय क्षेत्र मुंबई होगा।

# रक्षाबंधन मनाने का अनोखा तरीका

**मुंबई हलचल/संवाददाता**

**मुंबई।** संस्थापिका अर्चना देशमुख जी ने बतलाया कि हमने एक बार फिर राष्ट्रीय सैनिक संस्था और दरियादिल मुंबईकर बहनों द्वारा इस पावन रक्षाबंधन के इस पावन त्यौहार को कुछ अलग तरीके से मनाया उन्होंने कहा पहले गायत्री हवन करके सब की सुख शांति के लिए प्रार्थना करी साथ ही साथ आपस में एक दूसरे को राखी बांध कर, गुलाब के पुष्प, कुछ उपहार और तुलसी के पौधे देखकर यह त्यौहार बड़ी सादगीपूर्वक मनाया। उन्होंने कहा रक्षा बंधन... एक हिंदू त्यौहार है



जो भाई और उसकी बहन के बीच के खूबसूरत बंधन का सम्मान करता है। यह एक भाई द्वारा अपनी बहन को दिए गए सुरक्षा के वादे और सुरक्षा के बंधन का जश्न मनाता है; इस दिन, एक बहन अपने भाई के हाथ पर राखी नामक एक पवित्र धागा बांधती है और उसके कल्याण के लिए प्रार्थना करती है। यह त्यौहार हिंदू पंचांग के अनुसार श्रावण माह की पूर्णिमा के दिन मनाया जाता है। इस रक्षाबंधन पर, प्यार, विश्वास और देखभाल के उस अटूट बंधन का जश्न मनाएं जो हमें एक साथ बांधता है। सभी बहनों और भाइयों के लिए, एक-दूसरे के साथ हमेशा खड़े रहने की अनंत यादों और वादों को संजोना है। तथा अंत में सभी को रक्षाबंधन की शुभकामनाएं दी।

**हैप्पी रक्षाबंधन..!**

# रामगिरी महाराज पर अपराध दर्ज करें





**मुंबई हलचल/संवाददाता**

**मुंबई।** बांद्रा और सांताक्रुज के सैकड़ो मुस्लिम समाज कि ओर से निर्मल नगर पुलिस स्टेशन के थानेदार को एक ज्ञापन कर प्रवचनकार रामगिरी महाराज पर विभिन्न धाराओं के तहत अपराध दर्ज करने के साथ ही सख्त कारवाई करने की मांग की गई। कुछ दिन पहले एक प्रवचन के दौरान गोदावरी धाम बेट के सद्गुरु रामगिरी महाराज ने अल्पसंख्यक समाज के पैगंबर और आपकी बीवी के बारे में अभद्र भाषा का प्रयोग किया, जिसके कारण अल्पसंख्यक समाज की भावनाएं आहत हुई है। साथ ही राज्य के एकता और सौहार्द में बाधा उत्पन हो सकती है। जिसके चलते मुस्लिम समाज ने निर्मल नगर पुलिस निरीक्षक के मार्फत निवेदन सौंप कर रामगिरी महाराज पर विभिन्न धाराओं के तहत अपराध दर्ज करने कि मांग ज्ञापन देकर किया गया। निवेदन सौंपते समय मुंबई कांग्रेस कमेटी माइनॉरिटी के अध्यक्ष हाजी इब्राहिम भाईजान के साथ 8 से 10 साथी थानेदार साहब को निवेदन देने के लिए कार्यालय में बुलाया गया था जिसमें एडवोकेट खालिद शेख पूर्व नगर सेवक हाजी हलीम खान समाज सेवक लियाकत शेख मोइन अजमेरी अजील खान जावेद शेख गुलफाम खान साकिर शेख हिदायत भाई फहीम भाई इरशाद काजी जफर सिद्दीकी मौजूदगी थी निर्मल नगर पुलिस स्टेशन कार्यालय के सामने बांद्रा सांताक्रुज मस्जिदों के ट्रस्टी इमाम कई समाज सेवक की उपस्थिति थी थाने के बाहर भी सैकड़ो मुस्लिम समाज की उपस्थिति थी एडवोकेट खालिद शेख पूर्व नगर सेवक हाजी हलीम खान समाज सेवक लियाकत शेख मोइन अजमेरी अजील खान जावेद शेख गुलफाम खान साकिर शेख हिदायत भाई फहीम भाई इरशाद काजी जफर सिद्दीकी जमील कुरैशी सलीम खान निसार शेख अल्ताफ शेख आरिफ अंसारी सैकड़ो लोगों निर्मल नगर पुलिस स्टेशन में उपस्थित थी।

# सुभारती अवार्ड वितरित

**मुंबई हलचल/संवाददाता**

**मुंबई।** सनातन सेना व सुभारती चैनल प्रमुख सुरजीत सिंह द्वारा आयोजित तथा हितेश एच, सोमपुरा द्वारा प्रायोजित सुभारती अवार्ड वितरण समारोह सोल्लास संपन हुआ। रविवार की शाम गोरेगांव पूर्व स्थित एस्पन गार्डन बैंक्वेट में आयोजित इस अवार्ड समारोह के मुख्य अतिथि मुंबई के पूर्व शेरिफ डॉ. जगन्नाथराव हेगड़े थे। दीप प्रज्वलन के साथ शुरू हुए इस आयोजन में पत्रकारिता, साहित्य, स्वास्थ्य, गीत-संगीत, ललित कला, काव्य,



गायन, समाजसेवा, व्यापार आदि क्षेत्रों से जुड़े करीब दो दर्जन हस्तियों को प्रशस्ति पत्र व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। वरिष्ठ पत्रकार व साहित्यकर अजय भट्टाचार्य, गीतकार नीतू पण्डे क्रांति, अदाकारा श्रुति भट्टाचार्य, डॉ. राजश्री सावे, डॉ. नीलिमा पांडे, चित्रकार रामजी शर्मा, रामायण सीरियल के मामा मारीच फेम रमेश गोयल आदि को मुख्य अतिथि के हाथों सम्मानित किया गया। श्री किशन अग्रवाल के संचालन में संपन इस समारोह में शामराव विठ्ठल को-ऑपरेटिव बैंक के प्रबंध निदेशक रविंदर सिंह, पत्रकार विजय यादव, अंकित मिश्र, जनार्दन मिश्र, अशोक तिवारी, मोईन शेख, सैयद आसिफ सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे। विशेष सहयोगी रामलाल चौधरी ने आभार प्रदर्शन किया।

(पृष्ठ 1 का समाचार)

## बदलापुर केस

महाजन ने कहा कि राज्य सरकार ने प्रदर्शनकारियों की अधिकतर मांगें मान लीं लेकिन कथित दोषी को सार्वजनिक रूप से फांसी देने की उनकी मांग को मानना संभव नहीं है। प्रदर्शनकारियों के आंदोलन से प्रभावित मध्य रेलवे के इस हिस्से पर ट्रेन सेवाएं 10 घंटे से भी अधिक समय बाद बहाल हो सकीं।

**उद्धव बोले- 'महायुति' सरकार में बहनों की बेटियां सुरक्षित नहीं**

कोलकाता में एक डॉक्टर के साथ बलात्कार के और उसके बाद हत्या की घटना का स्पष्ट संदर्भ देते हुए शिवसेना (यूबीटी) प्रमुख ने कहा कि कुछ राज्यों को निशाना बनाकर महिलाओं के खिलाफ अपराध पर राजनीति की जा रही है। कोलकाता के मामले को लेकर पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी आलोचनाओं का सामना कर रही हैं। पूर्व मुख्यमंत्री ने दावा किया कि जिस स्कूल में लड़कियों के साथ कथित तौर का यौन शोषण हुआ, उसका संबंध भाजपा नेताओं से है। उन्होंने कहा, मामले की त्वरित सुनवाई होनी चाहिए और पीड़ितों को शीघ्र न्याय मिलना चाहिए। पुलिस ने 17 अगस्त को स्कूल के एक अटेंडेंट को किंडरगार्टन की तीन और चार साल की दो छात्राओं के साथ यौन शोषण करने के आरोप में गिरफ्तार किया। शिकायत के अनुसार, उसने स्कूल के शौचालय में बच्चियों का यौन शोषण किया। इस घटना के बाद स्कूल प्रबंधन ने प्रधानाचार्य, क्लास टीचर और एक महिला अटेंडेंट को निलंबित कर दिया। इससे पहले दिन में मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने पुलिस को गिरफ्तार आरोपियों के खिलाफ बलात्कार के प्रयास का आरोप लगाने का निर्देश दिया था। बता दें कि मध्य रेलवे ने कल्याण से कर्जत तक यात्रियों की जरूरतों को पूरा करने के लिए 100 बसें उपलब्ध कराने के लिए राज्य परिवहन से मदद मांगी थी, जिसके बाद 55 बसें उपलब्ध कराई गई थी। मध्य रेलवे के सीपीआरओ स्वप्निल नीला ने बताया कि कल्याण-कर्जत खंड पर स्थित स्टेशन पर अतिरिक्त जवान तैनात किए हैं। वरिष्ठ मंडल सुरक्षा प्रबंधक, आरपीएफ के 60 जवान और 10 अधिकारी राजकीय रेलवे पुलिस (जीआरपी) कर्मियों के साथ बदलापुर स्टेशन पर नजर बनाए रखे थे।जिनके कारण यह पूरा प्रकरण ने बड़ा रूप नहीं लिया। सुबह 10 बजे से ही आंदोलन के कारण ट्रेन रोके जाने से मुंबई, ठाणे इलाज कराने जा रहे मरीजों, भर्ती मरीजों के परिजनों को परेशानी का सामना करना पड़ा। शहर में कानून-व्यवस्था खराब होने के कारण कई कार्यालय और कंपनियां बंद हो गईं, जो नागरिक सुबह कार्यालय आए उनके पास लौटने का कोई रास्ता नहीं था, इसलिए कर्मचारियों को पूरे दिन शहर में और रेलवे स्टेशन पर रहना पड़ा। बदलापुर के संबंधित स्कूल में पढ़ने वाले बच्चों के सैकड़ों अभिभावक यौन उत्पीड़न की घटना की निंदा करने और आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग को लेकर मंगलवार सुबह से ही रेलवे स्टेशन पर रेल रोको प्रदर्शन कर रहे हैं। इसके कारण उपनगरीय ट्रेनों की आवाजाही प्रभावित हुई है। मुख्यमंत्री ने अभिभावकों से संयम रखने की अपील की है। ठाणे के जिला संरक्षक मंत्री शंभुराज देसाई ने इस घटना को दुर्भाग्यपूर्ण बताया। उन्होंने कहा कि उन्होंने ठाणे के जिलाधिकारी से मामले की जांच करने को कहा है। उन्होंने कहा, द्वाद्वदो जांचें की जाएंगी, एक शिक्षा विभाग करेगा और दूसरी क्षेत्रीय पुलिस उपायुक्त करेंगे, जिससे पता लगेगा कि मामला दर्ज करने में देरी क्यों हुई जैसा कि अभिभावकों ने आरोप लगाये हैं।

## डेवलपर को देनी होगी घर की गारंटी

किसी भी आवास परियोजना की गुणवत्ता उसकी संरचना अवधारणा, स्थिरता, परीक्षण और उस परियोजना में उपयोग की जाने वाली विभिन्न प्रकार की सामग्रियों, परियोजना के निर्माण में शामिल कारीगरों, जनशक्ति के कौशल, अग्नि सुरक्षा, आग से बचाव के उपाय आदि पर निर्भर करती है। यदि प्रमोटर हर स्तर पर इस बात का सख्ती से ध्यान रखता है तो इससे प्रोजेक्ट की गुणवत्ता अच्छी रहती है। प्रत्येक प्रमोटर का दावा है कि उसका प्रोजेक्ट हर मामले में सर्वश्रेष्ठ है। लेकिन अब से डेवलपर्स को हर साल महारेरा के जरिए अपने ग्राहकों को ऐसी गारंटी देनी होगी। महारेरा के अध्यक्ष अजोय मेहता ने कहा कि आवास क्षेत्र में गुणवत्ता लगातार बहस और चिंता का विषय बनी हुई है। महारेरा का प्रयास है कि नई परियोजनाओं में घरों के वास्तविक कब्जे के बाद किसी भी दोष को ठीक करने के लिए अनुग्रह अवधि प्रावधानों की आवश्यकता को खत्म करना है। दिसंबर से महारेरा यह सुनिश्चित करने के लिए कुछ प्रारंभिक पैरामीटर निर्धारित करने का प्रयास कर रहा है कि निर्माण गुणवत्ता के साथ किया जाए।

## खबर संक्षेप

### पीएम मोदी आज पोलैंड और यूक्रेन यात्रा पर



**नई दिल्ली।** पीएम नरेंद्र मोदी आज पोलैंड और यूक्रेन की तीन दिन की यात्रा पर रहेंगे। विदेश मंत्रालय में सचिव तन्मय लाल ने बताया कि पोलैंड दौरे पर पीएम मोदी वहां के पीएम डोनाल्ड टस्क और राष्ट्रपति एंड्रेज डूडा से मुलाकात करेंगे। पीएम मोदी 21-22 अगस्त को पोलैंड का दौरा करेंगे। 45 वर्षों में किसी भारतीय पीएम की पहली पोलैंड यात्रा होगी। पीएम मोदी यूक्रेन के राष्ट्रपति व्लादिमीर जेलेंस्की के निमंत्रण पर शुक्रवार को यूक्रेन की आधिकारिक यात्रा पर रहेंगे।

### तस्करी कर लाई जा रही 3 किलो हेरोइन बरामद



**जयपुर।** राजस्थान के श्रीगंगानर जिले में सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के जवानों ने पुलिस के साथ मिलकर चलाये गये संयुक्त अभियान के दौरान तस्करी की तीन किलो हेरोइन बरामद की है जिसकी कीमत 15 करोड़ रुपए आंकी गई है। अधिकारियों ने बताया कि यह हेरोइन ड्रोन के जरिए पाकिस्तान से तस्करी कर लाई जा रही थी। यह खेप समेजा थानाक्षेत्र में 44 पीएस गांव के खेतों में मिला। ड्रोन के जरिए पाकिस्तान से भेजे जाने की सूचना पर संयुक्त टीम ने भारत-पाकिस्तान अंतरराष्ट्रीय सीमा के पास तलाशी अभियान चलाया था।

### ठाणे में पांच बांग्लादेशी महिलाएं गिरफ्तार



**ठाणे।** महाराष्ट्र के ठाणे जिले में मीरा रोड से पुलिस ने बगैर अनुमति और बिना वैध दस्तावेजों के भारत में रह रहीं पांच बांग्लादेशी महिलाओं को गिरफ्तार किया है। सहायक पुलिस आयुक्त (अपराध) मदन बल्लाल ने बताया कि यह कार्रवाई मीरा भयंदर-वसई विरार आयुक्त कार्यालय के मानव तस्करी रोधी प्रकोष्ठ ने की। पुलिस को सूचना मिली थी कि मीरा रोड इलाके में कुछ बांग्लादेशी नागरिक अवैध रूप से रह रहे हैं, जिसके बाद शनिवार को दो झुग्गियों में छापेमारी की गई। अभियान के दौरान पांच बांग्लादेशी महिलाओं को पकड़ा।

### रक्षा और विदेश मंत्रियों के बीच हुई टू प्लस टू स्तर की मंत्रिस्तरीय बैठक

# अस्थिर और अप्रत्याशित विश्व में बेहद महत्वपूर्ण है भारत-जापान की भागीदारी: राजनाथ सिंह

मुंबई हलचल / नई दिल्ली

> रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा है कि मौजूदा वैश्विक परिस्थितियों के बीच भारत और जापान की भागीदारी बेहद महत्वपूर्ण है। यह भागीदारी हिंद प्रशांत क्षेत्र में आवाजाही की स्वतंत्रता, समावेशिता और समृद्धि को बढ़ावा देने के लिए भी बहुत आवश्यक है।

हिंद-प्रशांत क्षेत्र में चीन की लगातार बढ़ती दादागिरी के मध्य भारत और जापान के रक्षा और विदेश मंत्रियों के बीच मंगलवार को नई दिल्ली में टू प्लस टू संवाद से जुड़ी मंत्रिस्तरीय बैठक हुई। इसमें भारतीय प्रतिनिधिमंडल की अगुवाई रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने की। जबकि जापान की तरफ से बैठक में रक्षा मंत्री किहारा मिनोरू और विदेश मंत्री योको कामिकावा शामिल हुईं। विदेश मंत्रालय ने बताया कि इस बैठक में भारतीय पक्ष ने हिंद-प्रशांत के इलाके में आवागमन की स्वतंत्रता, समावेशिता, समृद्धि के साथ वर्तमान में वैश्विक स्तर पर बने हुए अस्थिर और अप्रत्याशित हालातों के बीच भारत और जापान की भागीदारी को बेहद महत्वपूर्ण बताया।

**खास बातें**

- दोनों देशों के बीच मजबूत सांस्कृतिक और परंपरागत संबंधों का लंबा इतिहास
- भारत-जापान के बीच द्विपक्षीय संबंध सभी क्षेत्रों में बढ़े हैं
- दोनों देशों के बीच विशेष सामरिक और वैश्विक भागीदारी है



#### अस्थिर माहौल में भरोसेमंद भागीदार जरूरी: जयशंकर

विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने कहा कि मौजूदा दौर में बने हुए अस्थिर और अप्रत्याशित वैश्विक माहौल में भरोसेमंद भागीदारों की आवश्यकता है। दोनों देशों के बीच विशेष सामरिक और वैश्विक भागीदारी हमारे बढ़ते हितों और गतिविधियों का प्रमाण है। हमारी यह भागीदारी लगातार परस्पर हितों और आपसी संवेदनशीलता के मद्देनजर लगातार बढ़ती रहेगी। हमारा सहयोग एक खुले हुए, स्वतंत्र और नियम आधारित हिंद-प्रशांत के गठन के व्यापक दायरे से जुड़ा हुआ है। भारत के लिए यह हमारी पूर्व की ओर देखो नीति का प्राकृतिक प्रकटीकरण है। इस दिशा में हमारे हितों और गतिविधियों का दायरा लगातार बढ़ रहा है। भारत और जापान अपनी भागीदारी की दसवीं वर्षगांठ मना रहे हैं। टू प्लस टू संवाद इसे आगे बढ़ाने में मददगार साबित होगा।

#### विकसित भारत बनाने के लिए तैयार करेंगे विजन

राजनाथ सिंह ने कहा कि हमने देश की आजादी की 100वीं वर्षगांठ पर वर्ष 2047 तक भारत को एक विकसित और परिवर्तित राष्ट्र बनाने का निर्णय लिया है। घरेलू रक्षा क्षमता का विकास इस क्षेत्र का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। जापान के साथ रक्षा तकनीक और उद्योग के क्षेत्र में भागीदारी भारत के इस विजन को पूरा करने में एक अहम भूमिका निभाएगी। दोनों देश मिलकर इस भागीदारी के लिए विजन तैयार करें। ताकि भारत 2047 के अपने लक्ष्यों को प्राप्त कर सके।

#### वैश्विक परिस्थितियों में महत्वपूर्ण है भागीदारी

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि मौजूदा वैश्विक परिस्थितियों के बीच भारत और जापान की भागीदारी बेहद महत्वपूर्ण है। यह भागीदारी हिंद प्रशांत क्षेत्र में आवाजाही की स्वतंत्रता, समावेशिता और समृद्धि को बढ़ावा देने के लिए भी बहुत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि मुझे विश्वास है कि आज की हमारी चर्चा रक्षा भागीदारी में हमारी प्रतिबद्धता को और अधिक मजबूत करेगी। रक्षा मंत्री ने कहा कि दोनों देशों के बीच विशेष सामरिक और वैश्विक भागीदारी है। जो लोकतंत्र के साझा पहलुओं, स्वतंत्रता और नियम-कानून के शासन पर आधारित है। भारत और जापान के बीच मजबूत सांस्कृतिक और परंपरागत संबंधों का भी एक लंबा इतिहास रहा है। दोनों देशों के द्विपक्षीय संबंध सभी क्षेत्रों में बढ़े है। इसमें रक्षा संबंध एक महत्वपूर्ण पहलू के रूप में उभरे हैं।

### डब्ल्यूएचओ द्वारा एमपॉक्स इमरजेंसी घोषित

## सरकार ने मरीजों की पहचान करने और आइसोलेशन वार्ड के दिए निर्देश



मुंबई हलचल / बर्लिन

दुनिया के कई देशों में एमपॉक्स वायरस के मामले तेजी से बढ़ रहे हैं। एमपॉक्स को लेकर डब्ल्यूएचओ के अधिकारी हंस क्लूज ने कहा है कि हम मिलकर एमपॉक्स से निपट सकते हैं और हमें मिलकर निपटना चाहिए। डब्ल्यूएचओ ने कहा कि हम इसके नियंत्रण के लिए सिस्टम स्थापित करना चुनेंगे और विश्वस्तर पर एमपॉक्स को कैसे खत्म किया जाए, इस पर चर्चा होनी चाहिए।

भारत सरकार ने एमपॉक्स की तैयारी के लिए इमरजेंसी वॉर्ड्स बनाने से लेकर एयरपोर्ट्स पर सुरक्षा बढ़ाने तक कई कदम उठाए हैं। सरकार ने अस्पतालों को चकत्ते वाले मरीजों की पहचान करने और आइसोलेशन वार्ड तैयार करने का निर्देश दिया है। सफदरजंग, मेडिकल कॉलेज और राम मनोहर लोहिया अस्पताल सहित तीन नोडल अस्पतालों को जिम्मेदारी दी गई है।

#### मवाद से भरे घाव एमपॉक्स के लक्षण

एमपॉक्स, एक वायरल संक्रमण है, जो मवाद से भरे घावों का कारण बनता है। इसमें फ्लू जैसे लक्षण होते हैं, जो आमतौर पर हल्के होते हैं लेकिन जान ले सकते हैं। एमपॉक्स की क्लैड 1बी किस्म ने वैश्विक स्तर पर तबाही मचा दी है, यह नियमित रूप से अधिक आसानी से फैलता है। पिछले सप्ताह इस वैरिएंट के एक मामले की पुष्टि हुई थी एमपॉक्स का प्रसार स्वीडन और अफ्रीका में ज्यादा है। क्लूज ने कहा कि इस वक्त हमारा फोकस नए क्लैड 1 स्ट्रेन पर है, यूरोप को कम गंभीर क्लैड 2 पर फिर से ध्यान केंद्रित करने का मौका देता है। इसको लेकर बेहतर सार्वजनिक स्वास्थ्य सलाह और निगरानी सहित विविधता पर जोर दिया गया है। क्लैड 2 एमपॉक्स स्ट्रेन के यूरोपीय क्षेत्र में हर महीने अब करीब 100 नए मामले सामने आ रहे हैं।

#### एमपॉक्स की निगरानी बढ़ाएं

पीएम के प्रधान सचिव पीके मिश्रा ने एमपॉक्स के निगरानी बढ़ाने और मामलों का शीघ्र पता लगाने के लिए प्रभावी कदम उठाने का निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि परीक्षण प्रयोगशालाओं के नेटवर्क को शीघ्र निदान के लिए तैयार किया जाना चाहिए। वर्तमान में 32 प्रयोगशालाएं परीक्षण के लिए सुसज्जित हैं। प्रधान सचिव ने कहा कि बीमारी की रोकथाम और उपचार के लिए प्रोटोकॉल को बड़े पैमाने पर प्रसारित किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि बीमारी के संकेतों और लक्षणों के बारे में स्वास्थ्य सेवा प्रदाताओं के बीच जागरूकता अभियान चलाया जाए और निगरानी प्रणाली को समय पर सूचित किया जाए।

### लेटरल एंट्री मुद्दे पर भाजपा प्रवक्ता सुधांशु ने कांग्रेस को सुनाई खरी-खरी

# राजीव ने आरक्षण क्यों नहीं दिया, कांग्रेस की खानदानी विरासत किसी से छिपी नहीं

मुंबई हलचल / नई दिल्ली

> *राहुल से किए सवाल, कैबिनेट सचिव को आरक्षण क्यों नहीं दिया गया?*

केंद्र सरकार ने मंगलवार को लेटरल एंट्री के विज्ञापन पर रोक लगा दी है। कार्मिक मंत्री ने यूपीएससी चेयरमैन को पत्र लिखकर विज्ञापन पर रोक लगाने के आदेश दिए। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के निर्देश पर सीधी भर्ती के विज्ञापन पर रोक लगा दी गई है।

राहुल गांधी की टिप्पणी पर भाजपा सांसद सुधांशु त्रिवेदी ने पलटवार किया है।

भाजपा सांसद ने कहा कि राहुल गांधी और उनके खानदान की आरक्षण और एससी-एसटी और ओबीसी को लेकर जो खानदानी विरासत है वो किसी से छिपी हुई नहीं है और उनकी अज्ञानता भी किसी से छिपी नहीं है। सुधांशु ने कह कि मैं राहुल गांधी से पूछना चाहता हूं कि हमारे(भाजपा) कैबिनेट के जो सचिव बने हैं वो किस बैच के हैं? उन्हें न पता हो तो हम बताते हैं कि वे 1987 बैच के हैं। जब उनकी(राहुल गांधी) पार्टी और उनके पिता जी की सरकार थी। उन्होंने क्यों ओबीसी को आरक्षण नहीं दिया था?



**इसे कांग्रेस की अवधारणा बताया**

#### कांग्रेस ने थपथपाई अपनी पीठ

#### खरगे, राहुल के विरोध के कारण निरस्त किया



कांग्रेस ने मंगलवार को कहा कि कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी और अन्य विपक्षी नेताओं के विरोध के कारण ही केंद्र सरकार को 'लेटरल एंट्री' से संबंधित विज्ञापन को निरस्त करने का निर्णय लेना पड़ा। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने यह दावा किया कि कार्मिक राज्य मंत्री जितेंद्र सिंह द्वारा इस संदर्भ में संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) की प्रमुख प्रीति सूदन को जो पत्र लिखा गया है उस पर तारीख का उल्लेख नहीं है जो इस 'दयनीय शासन' का प्रमाण है। बता दें कि जितेंद्र सिंह ने यूपीएससी प्रमुख को पत्र लिखकर 'लेटरल एंट्री' के जरिये भर्ती से जुड़े विज्ञापन को निरस्त करने के लिए कहा है। राहुल ने कहा कि संविधान और आरक्षण व्यवस्था की हम हर कीमत पर रक्षा करेंगे। भाजपा की 'लेटरल एंट्री' जैसी साजिशों को हम हर हाल में नाकाम कर के दिखाएंगे।राहुल ने आगे लिखा मैं एक बार फिर कह रहा हूं - 50 प्रतिशत आरक्षण सीमा को तोड़ कर हम जातिगत गिनती के आधार पर सामाजिक न्याय सुनिश्चित करेंगे। जय हिंद।

#### यह 1970 के दशक से शुरू

#### सोनिया कैसे बनीं 'नैक' कैबिनेट का दर्जा भी मिला

इस मामले पर भाजपा और कांग्रेस आमने-सामने हैं। भाजपा का कहना है कि कांग्रेस की सरकारों में लेटरल एंट्री का उपयोग होता रहा है। इस दौरान जिक्र किया जा रहा है कांग्रेस की सरकार में रही लेटरल एंट्री एंट्री का, राज्य मंत्री जितेंद्र सिंह ने अपने लेटर में लिखा कि पहले की सरकारों में भी यह व्यवस्था रही है, जब लेटरल एंट्री के जरिए विभिन्न आयोगों में बिना आरक्षण की व्यवस्था महत्वपूर्ण पदों पर लोगों को नियुक्त किया गया है। चर्चा यहां सोनिया गांधी की अध्यक्षता वाले राष्ट्रीय सलाहकार परिषद की भी हो रही है। इसके जरिए ही पीएमओ को उस वक्त कंट्रोल किया जाता था। राष्ट्रीय सलाहकार परिषद-एनएसी में शामिल अधिकारियों को भी लेटरल एंट्री के जरिए शामिल किया गया था। इसके पहले कांग्रेस ने कई नियुक्तियां की थी।



#### *पीएमओ को भी सुपरसीड किया गया*

*सिंह ने भी यूपीएससी चेयरमैन प्रीति सूदन को लिखी चिट्ठी में कांग्रेस सरकारों में हुई लेटरल एंट्री का जिक्र किया। इसकी मंजूरी वर्ष 2005 में प्रशासनिक सुधार आयोग ने दी थी जिसके अध्यक्ष कांग्रेस नेता वीरप्पा मोइली थे। मनमोहन सरकार के दौरान सोनिया गांधी की अध्यक्षता में राष्ट्रीय सलाहकार परिषद (एनएसी) का गठन किया गया और पीएमओ को सुपरसीड किया गया था।*

### पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का ऐलान

## हैरिस को हराया तो मस्क को दे सकते हैं कैबिनेट में जगह

मुंबई हलचल / वाशिंगटन



एलन मस्क ने कहा था कि 'मेरी इच्छा है कि सरकारी खर्च का प्रबंधन करने में वह सरकार की मदद करें। इस पर ट्रंप ने घोषणा की थी कि अगर वह व्हाइट हाउस पहुंचते हैं तो मस्क को कैबिनेट पद की पेशकश करेंगे।

दरअसल एक इंटरव्यू के दौरान एलन मस्क ने कहा था कि मेरी इच्छा है कि सरकारी खर्च का प्रबंधन करने में वह सरकार की मदद करें। मुझे लगता है कि सरकार एक आयोग बनाए, जो करदाताओं के पैसों के सही खर्च का ध्यान रखे। मुझे ऐसे किसी आयोग की मदद करने में बहुत खुशी होगी। मस्क के बयान पर पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि इस प्रस्ताव पर विचार करके उन्हें खुशी होगी। ट्रंप ने घोषणा की थी कि अगर वह व्हाइट हाउस पहुंचते हैं तो मस्क को कैबिनेट पद की पेशकश करेंगे।

अमेरिका में होने वाले राष्ट्रपति चुनाव के लिए एलन मस्क, डोनाल्ड ट्रंप की उम्मीदवारी का सपोर्ट कर रहे हैं। एक्स पर एक पोस्ट में डोनाल्ड ट्रंप के हवाले से लिखा गया है कि अगर वे अमेरिकी प्रेसिडेंट चुने जाते हैं तो एलन मस्क को कैबिनेट मिनिस्टर या एडवाइजर

### अमेरिका में मिली 'प्रलय की मछली'

## 13 साल पहले दिखी थी तब आया था विनाशकारी भूकंप

मुंबई हलचल / वाशिंगटन



अमेरिका के कैलिफोर्निया प्रांत में समुद्र तट पर एक अत्यंत दुर्लभ ओरफिश मिली है। स्क्रिप्प्स इंस्टीट्यूशन ऑफ ओशनोग्राफी के अनुसार बीते हफ्ते दक्षिणी कैलिफोर्निया के तट पर ओरफिश की खोज की गई, जिसे आमतौर पर डूम्सडे फिश (प्रलय का दिन लाने वाली मछली) के रूप में जाना जाता है। इस मछली को लेकर बहुत लोगों के बीच ऐसी मान्यता है कि यह किसी बड़ी प्राकृतिक आपदा से पहले प्रकट होकर तबाही का संकेत देती है। 2011 में जापान में आए विनाशकारी भूकंप से ठीक पहले ये मछली दिखाई दी थी।

ओरफिश एक बड़ी मछली है, इसकी आंखें असाधारण रूप से बड़ी होती हैं और उसके सिर पर लाल हड्डी होती है। ऐसा कई बार हुआ है जब बड़े भूकंपों से ठीक पहले इस मछली को देखा गया और इसके कुछ दिन बाद भारी तबाही दुनिया ने देखी।

जापान में 13 साल पहले 2011 के भूकंप से ठीक पहले 20 ओरफिश समुद्र तट पर पाई गई थीं। ओरफिश को प्राकृतिक आपदाओं और भूकंपों के पूर्वानुमान के रूप में पौराणिक प्रतिष्ठा मिली हुई है लेकिन विशेषज्ञ इसे खारिज करते हैं।

### शोक संतप्त परिवार के प्रति गहन संवेदना व्यक्त की

## सेना ने पूरे सैन्य सम्मान के साथ दी पूर्व सेना प्रमुख जनरल पद्मनाभन को अंतिम विदाई

मुंबई हलचल / नई दिल्ली



भारतीय सेना ने पूरे सैन्य सम्मान के साथ पूर्व सेनाप्रमुख जनरल सुंदरराजन पद्मनाभन को अंतिम विदाई दी। मंगलवार को चेन्नई के बेसेंट नगर इलेक्ट्रिक शवदाह गृह में पूर्ण सैन्य सम्मान के साथ उनका अंतिम संस्कार किया गया। जिसमें कई वरिष्ठ सेवारत अधिकारियों ने उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। सेना ने एक बयान में बताया कि सेनाप्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी की ओर से भी जनरल पद्मनाभन को पुष्पांजलि अर्पित की गई।

उन्हें अंतिम विदाई देने वालों में उप सेनाप्रमुख लेफ्टिनेंट जनरल तरुण कुमार आइच, तोपखाना महानिदेशक, लेफ्टिनेंट जनरल आदेश कुमार, दक्षिण भारत क्षेत्र के जीओसी लेफ्टिनेंट जनरल केएस बराड़ शामिल हैं। भारतीय सेना ने शोक संतप्त परिवार के प्रति अपनी ओर से गहन संवेदना व्यक्त की और एक सच्चे सैनिक और नेता के नुकसान में उनके साथ शोक व्यक्त किया।

जनरल पद्मनाभन ने करीब 43 वर्ष तक देश की सेवा की थी। बीते रविवार को चेन्नई में उनका निधन हो गया था। सेना ने बताया कि वर्ष 2000 से 2002 तक जनरल पद्मनाभन ने सेनाप्रमुख के रूप में देश की सेवा की थी। सैन्य और सामरिक हलकों में उन्हें प्यार से 'पैडी' के नाम से जाना जाता था। जनरल पद्मनाभन 83 वर्ष के थे। उनके परिवार में पत्नी, एक बेटी और एक बेटा है।

## चांद से मिट्टी लेकर आएगा चंद्रयान-4 और चंद्रयान-5 की डिजाइन तैयार

**चंद्रयान-3** के बाद भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन चंद्रयान-4 और चंद्रयान-5 मिशन की तैयारी कर रहा है। इन दोनों मिशनों की डिजाइन तैयार हो चुकी है और इसरो सरकार से परियोजना की मंजूरी हासिल करने की प्रक्रिया में है। इसरो अध्यक्ष एस.सोमनाथ ने मंगलवार को कहा कि चंद्रमा पर श्रृंखलाबद्ध मिशन भेजने की योजना है। चंद्रयान-3 मिशन में शानदार सफलता मिली और वह मिशन पूरा हो चुका है। अब, चंद्रयान-4 और चंद्रयान-5 की डिजाइन तैयार कर ली गई है। भारत सरकार से इन परियोजनाओं की मंजूरी हासिल करनी होगी। इसकी प्रक्रिया चल रही है। उन्होंने बताया कि चंद्रयान-4 मिशन में चंद्रमा की सतह से नमूने लाए जाएंगे। भारतीय यान चंद्रमा की सतह पर सॉफ्ड लैंडिंग करने के बाद नमूने इकट्ठा करेगा। चंद्रमा की धूल या चट्टानी नमूने लेने के बाद यान को चंद्रमा की सतह से लांच कर चंद्रमा की कक्षा में लाया जाएगा। चंद्रमा की कक्षा में डॉकिंग होगी और आर्बिटल मॉड्यूल से जुडकर वह पुनः धरती की ओर प्रस्थान करेगा।



**पांच साल में 70 मिशन लॉन्च करेगा इसरो**

इसरो अध्यक्ष ने अगले पांच साल में 70 मिशन लॉन्च करने की बात भी कही। उन्होंने कहा कि सरकार विभिन्न मंत्रालयों की जरूरत के मुताबिक धरती की निचली कक्षा में उपग्रहों की श्रृंखला स्थापित करेगा। शुक्र मिशन फिलहाल प्राथमिकता में नहीं है। इसरो अध्यक्ष ने कहा कि गगनयान मिशन के दौरान निरंतर संपर्क कायम रखने के लिए डाटा रिले उपग्रहों के प्रक्षेपण की भी तैयारी चल रही है। इंटरनेट कनेक्टिविटी के लिए जीसैट श्रृंखला के हाई थ्रोपुट उपग्रह का प्रक्षेपण स्पेसएक्स के फाल्कन रॉकेट से किया जाएगा। इसकी तैयारी भी हो रही है। जल्द ही उपग्रह अमरीका भेजा जाएगा। अगले पांच साल में भू-अवलोकन उपग्रहों की एक श्रृंखला भी लॉन्च होगी। उन्होंने कहा कि शुक्र मिशन फिलहाल प्राथमिकता में नहीं है। शुक्र मिशन का फिर से मूल्यांकन हो रहा है। गगनयान मिशन पर अपडेट देते हुए उन्होंने कहा कि पहला मानव रहित मिशन दिसम्बर तक लांच होने की उम्मीद है। क्रू मॉड्यूल का तिरुवनंतपुरम स्थित विक्रम साराभाई अंतरिक्ष केंद्र में और सर्विस मॉड्यूल का बेंगलूरु स्थित यूआर राव उपग्रह केंद्र में इंटीग्रेशन हो रहा है। क्रू एस्केप सिस्टम सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र श्रीहरिकोटा पहुंच चुका है।

## रेटिंग्स एजेंसी मूडीज ने जारी की रिपोर्ट

# भारतीय कंपनियां एक-दो साल में 50 अरब डॉलर तक निवेश करेंगी, रिलायंस होगी अगुवा

मुंबई हलचल / नई दिल्ली

साख निर्धारण से जुड़ी मूडीज रेटिंग्स ने मंगलवार को कहा कि भारतीय कंपनियां क्षमता बढ़ाने को अगले एक-दो साल में पूंजीगत व्यय के तहत सालाना 45 से 50 अरब डॉलर का निवेश करेंगी। देश की सबसे मूल्यवान कंपनी रिलायंस इंडस्ट्रीज की इस व्यय में हिस्सेदारी 30 प्रतिशत होगी। मूडीज ने भारत और इंडोनेशिया में सक्रिय कंपनियों के ऊपर जारी एक रिपोर्ट में कहा कि उत्पादन श्रृंखला एकीकरण को बढ़ाने और शुद्ध रूप से शून्य कार्बन उत्सर्जन का लक्ष्य हासिल करने के लिए निवेश किया जाएगा।

- भारत व इंडोनेशिया में सक्रिय कंपनियों पर रिपोर्ट

### तेल व गैस पर रिलायंस 60 फीसदी से अधिक करेगी खर्च

इसके मुताबिक, तेल एवं गैस क्षेत्र और रिलायंस इंडस्ट्रीज मिलकर एक-दो साल में सामूहिक रूप से भारतीय कंपनियों के कुल व्यय का 60 प्रतिशत से अधिक खर्च करेंगी। मूडीज ने कहा कि भारत में रेटिंग वाली सात तेल और गैस कंपनियों का निवेश में हिस्सेदारी कुल निवेश का लगभग 30 प्रतिशत होगी।

### खास बातें

- रिलायंस की व्यय में हिस्सेदारी 30 फीसदी होगी
- निवेश शून्य कार्बन उत्सर्जन लक्ष्य प्राप्त करने किया जाएगा




### हरित ऊर्जा क्षेत्र में होगा 15 अरब डॉलर व्यय

ये कंपनियां मौजूदा क्षमता का विस्तार करने और कार्बन उत्सर्जन में कमी लाने लिए हरित ऊर्जा क्षेत्र में निवेश करने के लिए सालाना लगभग 15 अरब डॉलर व्यय करेंगी। मूडीज रेटिंग्स ने उदाहरण देते हुए कहा कि ओएनजीसी (बीएए-3 स्थिर) और इंडियन ऑयल अगले दो साल में भंडार बढ़ाने, वितरण गतिविधियों यानी आपूर्ति श्रृंखला के एकीकरण और ऊर्जा बदलाव पर क्रमशः छह अरब डॉलर और चार अरब डॉलर खर्च करेंगी।

### रिलायंस ने 15 अरब डॉलर निवेश का किया निर्धारण

रिपोर्ट के मुताबिक, 'अगले एक से दो साल में रेटिंग वाली भारतीय कंपनियों का सालाना पूंजीगत व्यय लगभग 45 से 50 अरब डालर तक रहेगा। इसमें रिलायंस इंडस्ट्रीज की हिस्सेदारी अकेले 30 प्रतिशत होगी। कंपनी ने विभिन्न कारोबार में निवेश को लेकर लगभग 15 अरब डॉलर का निर्धारण किया हुआ है।'

### दोनों देश एशियाई की उभरती अर्थव्यवस्था

मूडीज ने कहा कि भारतीय और इंडोनेशियाई कंपनियों के लिए कर्ज गुणवत्ता बेहतर रहेगी। चीन को छोड़कर भारत और इंडोनेशिया एशिया की दो सबसे बड़ी उभरती अर्थव्यवस्थाएं हैं। उभरती अर्थव्यवस्थाओं में दोनों जी-20 देशों में रेटिंग वाली कंपनियों की संख्या और रेटिंग वाले कर्ज की मात्रा सबसे अधिक है।

### वृद्धि दर छह प्रतिशत रहने का अनुमान

मूडीज ने कहा कि अगले दो साल में भारत की जीडीपी (सकल घरेलू उत्पाद) वृद्धि दर छह प्रतिशत से अधिक रहने का अनुमान है। भारत की आर्थिक वृद्धि को गति देने में घरेलू मांग की भूमिका महत्वपूर्ण होगी।

### रेटिंग वाली कंपनियों की कमाई पांच फीसदी बढ़ेगी

मूडीज रेटिंग्स को उम्मीद है कि अगले एक-दो साल में रेटिंग वाली भारतीय कंपनियों की कमाई पांच प्रतिशत बढ़ेगी। धातु, खनन और इस्पात, दूरसंचार तथा वाहन कंपनियों सहित विभिन्न क्षेत्रों में व्यापक वृद्धि से कंपनियों को लाभ होगा।

## हिमाचल में बारिश-भूस्खलन का कहर जारी

# पहाड़ी से गिरे पत्थर, महिला की मौत, 16 घर ढहे

मुंबई हलचल / शिमला

हिमाचल प्रदेश के कई भागों में बारिश का कहर जारी है। चंबा जिले की ऐतिहासिक खुंडी जातर के लिए जा रही महिला की पहाड़ी से गिरे पत्थरों की चपेट में आने से मौत हो गई है।

मृतक महिला की पहचान सुभद्रा देवी पत्नी मान सिंह गांव कोकड़ा, चंबा के रूप में हुई है। महिला के शव को तीसा अस्पताल लाया गया, जहां पोस्टमार्टम के बाद परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया। पुलिस अधीक्षक अभिषेक यादव ने इसकी पुष्टि की है। मणिमहेश यात्रा से लौट रहे ऊना के युवक की मलबे में दबने से मौत हो गई था।

### सड़कों पर मलबा फैला, यातायात प्रभावित



### घरों में घुसा पानी और मलबा

*मंडी शहर में कई वार्डों के घरों में बारिश का पानी घुस गया। संपर्क मार्गों की हालत भी खस्ता है। शहर में रात को हुई बारिश से नालियां भी मलबे से भर गईं। सड़कों पर भी मलबा फैल गया। रविनगर में लोग परेशान हुए।*

**शिमला में भी तबाही**

भारी बारिश से कांगड़ा में 16 मकान ढह गए हैं। धर्मशाला शहर की गज्ज खड्ड स्थित पेयजल योजना का मुख्य स्रोत बहने से क्षेत्र में जलसंकट हो गया। राजधानी शिमला में बालूगंज क्रॉसिंग में सोमवार को भारी भूस्खलन होने से वाहनों की आवाजाही प्रभावित है। वाहनों को वाया चक्कर भेजा जा रहा है।

### भूस्खलन से नष्ट हो गया तीस्ता बांध पावर स्टेशन

गंगटोक। सिक्किम में मंगलवार की सुबह भारी भूस्खलन के कारण नेशनल हाइड्रोइलेक्ट्रिक पावर कॉरपोरेशन तीस्ता स्टेज 5 बांध का पावर स्टेशन नष्ट हो गया। पावर स्टेशन से सटी पहाड़ी का एक बड़ा हिस्सा खिसक गया और पावर स्टेशन पर गिर गया। इसमें किसी के घायल होने या हताहत होने की सूचना नहीं है।

# स्मैक के लिए पैसे नहीं दिए तो फावड़े से ताबड़तोड़ वार कर मां को मार डाला, बेटा फरार

**पथरी (हरिद्वार)।** स्मैक के लिए पैसे नहीं देने पर नशेड़ी बेटे ने फावड़े से मां के सिर पर कई वार कर दिए। महिला की मौत होने पर आरोपित ने शव को घर के बाथरूम में छिपा दिया और फरार हो गया। घटना का पता तब चला, जब पड़ोसियों ने आरोपित के घर से खून बहता देखा। मौके पर पहुंची पुलिस ने दरवाजा खोलकर देखा तो महिला लहूलुहान पड़ी थी। पुलिस ने बताया कि आरोपित की तलाश की जा रही है। उसके विरुद्ध हत्या का मुकदमा दर्ज किया गया है। घटना पथरी क्षेत्र के धनपुरा गांव की है। पुलिस क्षेत्राधिकारी निहारिका सेमवाल ने बताया कि यहां रहने वाला सावन (20) स्मैक पीने का आदी है। प्राथमिक जांच में पता चला है कि मंगलवार सुबह उसके पिता और भाई काम पर चले गए। घर पर सावन और उसकी मां कमलेश (50) ही थे। इसी दौरान सावन ने कमलेश से स्मैक खरीदने के लिए पैसे मांगे तो वह नाराज हो गई और



बेटे को नशा छोड़ने की हिदायत के साथ पैसे देने से मना कर दिया। इस पर सावन आग-बबूला हो गया। पहले तो उसने मां को पीटा और फिर उनके सिर पर फावड़े से ताबड़तोड़ वार कर दिए। एक के बाद एक कई वार होने से कमलेश का सिर फट गया और उनकी मौके पर ही मौत हो गई। इससे घबराया सावन शव को घसीटकर बाथरूम में ले गया और बाहर से दरवाजा बंद कर फरार हो गया। खून के बाथरूम से बाहर आने पर पड़ोसियों को अनहोनी की आशंका हुई और उन्होंने पुलिस को सूचना दी।

# मालदेवता में पुलिया व सड़क बहने से लोग गांवों में कैद

**देहरादून।** देहरादून के मालदेवता क्षेत्र से सटे टिहरी के कई गांव आपदा का दंश झेल रहे हैं। दूसरे दिन भी जंगल गदेरा के पास रेस्क्यू आपरेशन जारी रहा और 12 पर्यटकों समेत 25 व्यक्तियों को सुरक्षित निकाला गया। हालांकि, पुलिया और सड़क मार्ग बहने से अभी क्षेत्रवासी गांवों में कैद हैं। नदी में पाइप डालकर अस्थायी मार्ग तो बनाए गए हैं, लेकिन इन पर भी जान जोखिम में डालकर क्षेत्रवासी नदी पार कर रहे हैं। साथ ही ट्राली के सहारे नदी पार कर ग्रामीण जरूरी सामान लेने बाजार पहुंच रहे हैं। फिलहाल कई गांवों में जनजीवन प्रभावित है और मोटर मार्ग से आवाजाही सुचारू होने का इंतजार है। राजधानी देहरादून से करीब 25 किलोमीटर दूर स्थित कई गांव सालों से उपेक्षा का दंश झेल रहे हैं। देहरादून और टिहरी जिले की सीमा पर बसे इन गांवों तक सरकारी मदद आसानी से नहीं पहुंच पाती। नदी के एक किनारे कुछ गांव देहरादून की मसूरी और रायपुर विधानसभा के तहत आते हैं, जबकि नदी पार कई गांव टिहरी की धनोल्टी विधानसभा में शामिल हैं। यहीं नहीं चंबा थाने की कुमाल्डा

दैनिक मुंबई हलचल
अब हर सच होगा उजागर

कोविड-19 संक्रमण के अल्पकालिक और दीर्घकालिक परिणामों पर बढ़ती उम्र संबंधी बीमारियों और मधुमेह के प्रभावों पर दुनिया भर में अध्ययन किये जा रहे हैं।



# अब डायबिटीज और मोटापे की दवाओं से होगा कोरोना का इलाज

मधुमेह, मोटापे और बढ़ती उम्र संबंधित बीमारियों के इलाज के लिए इस्तेमाल की जाने वाली मौजूदा दवाओं का उपयोग संभावित रूप से कोरोना के इलाज के लिए किया जा सकता है। यह बात भारतीय विज्ञान शिक्षा और अनुसंधान संस्थान (आईआईएसईआर), भोपाल के एक अनुसंधान में सामने आयी है।

टीम ने हाल ही में कोविड-19, उम्र बढ़ने और मधुमेह के बीच जैव-आणविक संबंधों की समीक्षा प्रकाशित की है। समीक्षा को ह्यमॉलिक्यूलर एंड सेल्युलर बायोकैमिस्ट्रीह्ह पत्रिका में प्रकाशित किया गया है और यह कोविड-19 चिकित्सा विज्ञान में भविष्य की दिशा में अंतर्दृष्टि प्रदान करती है।

आईआईएसईआर, भोपाल के इनोवेशन एंड इनक्यूबेशन सेंटर फॉर आंत्रप्रेन्योरशिप (आईआईसीई) के मुख्य कार्यकारी अधिकारी अमजद हुसैन ने कहा, ह्यऐसे में जब लगभग दो साल से कोरोना महामारी दुनिया को प्रभावित किये हुए है, हम धीरे-धीरे वायरस और उसके काम करने के तरीके को समझने लगे हैं। अब यह ज्ञात है कि वायरल संक्रमण का प्रभाव अधिक आयु वाली आबादी और मधुमेह से पीड़ितों पर अधिक होता है।

उन्होंने कहा, कोविड-19 संक्रमण के अल्पकालिक और दीर्घकालिक परिणामों पर बढ़ती उम्र संबंधी बीमारियों और मधुमेह के प्रभावों पर दुनिया भर में अध्ययन किये जा रहे हैं। प्रकाशित समीक्षा से पता चलता है कि मधुमेह, बढ़ती उम्र संबंधी बीमारियां और कोविड-19 की स्थितियां ऑक्सीडेटिव तनाव से जुड़ी हैं। साथ ही प्रतिरक्षा प्रतिक्रिया में कमी और उनसे उत्पन्न होने वाली जटिलताओं से हृदय संबंधी विकार, नेत्र रोग, तंत्रिका रोग और गुर्दे की समस्याओं जैसी कई अन्य बीमारियों की शुरूआत होती है।

## इसलिए खोजी जा रही है कोरोना के इलाज की संभावना

हुसैन ने कहा कि हमारे पास रैपामाइसिन जैसी कुछ मौजूदा संभावित एंटी-एजिंग दवाओं के भी सबूत हैं, जिन्हें इन बीमारियों से जुड़े सामान्य जैव रासायनिक मार्गों के कारण कोविड-19 उपचार के लिए इनके इस्तेमाल की संभावना खोजी जा सकती है। ऐसा ही एक और उदाहरण एक दवा मेटफॉर्मिन है, जिसे आमतौर पर डायबिटीज नियंत्रित करने के लिए उपयोग किया जाता है। वैज्ञानिकों ने यह दिखाने के लिए कम्प्यूटेशनल अध्ययन भी किया है कि कोशिका झिल्ली में मौजूद लिपिड कोरोनावायरस संक्रामकता में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। प्रमुख शोधकर्ता ने कहा कि संभावित यौगिकों के मौजूदा पूल से प्रभावी चिकित्सा विज्ञान का चयन करने की तत्काल आवश्यकता है, क्योंकि एक नयी दवा की खोज और इसकी मंजूरी में अधिक समय लगता है।

वैज्ञानिकों का मानना है कि करक्यूमिन और रेस्वेराट्रोल जैसे प्राकृतिक यौगिकों और मौजूदा दवाओं जैसे मेटफॉर्मिन और रैपामाइसी में कोविड-19 और पोस्ट-कोरोनावायरस सिंड्रोम के उपचार के लिए बड़े पैमाने पर परीक्षण किये जाने की क्षमता है।

# नाक के ब्लैक हेड्स करते हैं परेशान

दमकता, बेदाग और खूबसूरत चेहरा पाने के लिए बाजार में इन दिनों कई तरह के ब्यूटी प्रॉडक्ट मिलते हैं। कुछ मिनटों में ग्लो का दावा करते हैं तो कुछ फ्लॉलेस स्किन का। लेकिन कई महिलाएं ऐसी हैं जो रोजाना के स्किन केयर के लिए समय नहीं निकाल पाती जिसकी वजह से उनकी स्किन पर कई तरह की समस्या नजर आने लगती है। इसमें सबसे आम समस्या है नाक पर होने वाले ब्लैक हेड्स। इनके कारण नाक का कलर डार्क दिखने लगता है। कई महिलाएं घर में जब ब्लैकहेड्स निकालने की कोशिश करती हैं तो वह खुद को चोटिल कर लेती है। ऐसे में अगर आप भी घर में ही ब्लैकहेड्स निकालना चाहती हैं तो आप होममेड ब्लैकहेड रिमूवल स्ट्रिप का इस्तेमाल कर सकती हैं। तो जानते हैं घर में कैसे बनाएं जाएं ब्लैक हेड्स रिमूवल स्ट्रिप।



## छुटकारा पाने के लिए अपनाएं ये 2 घरेलू तरीके

**1) शहद और शक्कर**

इसके इस्तेमाल से डेड सेल्स से मुक्ति मिलती है, वहीं शहद और नींबू स्किन के कालेपन को दूर करने में मदद करते हैं। साथ ही इससे ग्लोइंग और सॉफ्ट स्किन पाने में मदद मिलती है। इसे बनाने के लिए एक पैन में 3 चम्मच चीनी, 2 चम्मच शहद और 1 चम्मच नींबू का जूस मिलाएं। इसे धीरी आंच पर गर्म करें और चीनी पिघलने का इंतजार करें। जब सारा सामान एक दूसरे से अच्छे से मिल जाए को गैस बंद ककें और इसमें 3 चम्मच गिलिसरीन को अच्छी तरह से मिक्स करें। पूरी नाक पर अच्छी तरह से 20 मिनट के लिए लगाएं और सूखने दें।

**2) दूध और जिलेटिन**

दूध स्किन को पोषण देने के साथ निखारने में मदद करता है। इसे बनानेन के लिए 1 चम्मच दूध और एक चम्मच जिलेटिन पाउडर एक कटोरे में मिक्स करें। इसके बाद इस मिश्रण को 2-3 मिनट के लिए माइक्रोवेव में गर्म करें। जब ये गाढ़ा हो जाए तो इसे नाक पर लगाएं । कम से कम आधे घंटे तक लगा रहने दें और फिर इसे निकालें।



दैनिक
मुंबई हलचल
अब हर सच होगा उजागर



# नहीं सुलझी सोनाक्षी और भाइयों के बीच तकरार?

**सोनाक्षी सिन्हा ने इस साल जहीर इकबाल के साथ शादी रचाई। इस शादी में उनके दोनों भाई लव और कुश शामिल नहीं हुए। एक निजी समारोह में संपन्न हुई शादी में सोनाक्षी के माता-पिता उपस्थित रहे लेकिन दोनों भाई किसी रस्म में नजर नहीं आए। इसके बाद से ऐसी खबरें हैं कि सोनाक्षी और उनके भाईयों के रिश्तों में दरार आ गई है। खबर के मुताबिक, दोनों भाई जहीर से शादी करने के सोनाक्षी के फैसले से नाखुश हैं। शादी के बाद सोनाक्षी और उनके भाईयों को साथ नहीं देखा गया है। यहां तक कि भाई-बहन का त्योहार रक्षाबंधन भी इन्होंने साथ में नहीं मनाया है। सोनाक्षी की शादी के बाद सिन्हा परिवार में छिड़ी 'महाभारत' थमने का नाम नहीं ले रही है।**

सोनाक्षी के फैंस को लग रहा था कि अपने भाईयों से खराब हुए उनके रिश्ते रक्षाबंधन के त्योहार पर शायद ठीक हो जाएं। लेकिन, फैंस की उम्मीदों पर लगता है पानी फिर गया है। सोनाक्षी इस वक्त जहीर इकबाल के साथ न्यूयॉर्क में छुट्टियां मना रही हैं। उन्होंने सोशल मीडिया पोस्ट पर तस्वीरें साझा की हैं। रक्षाबंधन के पर्व पर इस बार लगता है सोनाक्षी ने अपने भाईयों के कलाई पर स्नेह का धागा नहीं बांधा है। उनके भाई की



कलाई सूनी रह गई है। लव सिन्हा ने रक्षाबंधन के दिन सोशल मीडिया स्टोरी पर एक पोस्ट साझा किया। हालांकि, इसमें सिर्फ वे अपने फैंस को त्योहार की मुबारकबाद देते ही दिखे। न तो सोनाक्षी के साथ उनकी कोई तस्वीर नजर आई न ही खुद उनकी अपनी तस्वीर ही दिखी। लव ने सोनाक्षी की कोई थ्रोबैक तस्वीर लगानी भी जरुरी नहीं समझी। सोनाक्षी सिन्हा अपने पति जहीर इकबाल के साथ न्यूयॉर्क की सैर पर निकली हैं। अभिनेत्री वहां हनीमून मना रही हैं। इंस्टाग्राम स्टोरी पर लगाई तस्वीरों में सोनाक्षी जहीर के कंधे पर सिर रखकर पोज देती नजर आ रही हैं। तस्वीर में समुद्र का खूबसूरत नजारा कैद है। एक तस्वीर में दोनों साथ में खाना खाते नजर आ रहे हैं। तीसरी तस्वीर में सोनाक्षी तस्वीर क्लिक करा रही हैं। उनके चेहरे पर मुस्कान है।

# 'पठान' की सफलता के बाद किंग खान ने जॉन को गिफ्ट की थी बाइक

जॉन अब्राहम की नई फिल्म 'वेदा' को सिनेमाघरों में आए चौथा तीसरा दिन है। इसे स्त्री 2 से बॉक्स ऑफिस पर जोरदार टक्कर मिल रही है। 'वेदा' का निर्देशन निखिल आडवाणी ने किया है और इसके जरिए वो और जॉन लंबे वक्त के बाद साथ में काम कर रहे हैं। जॉन इससे पहले शाहरुख खान के साथ ब्लॉकबस्टर फिल्म 'पठान' में भी काम कर चुके हैं। अब अभिनेता ने खुलासा किया है कि 'पठान' की सफलता के बाद शाहरुख खान ने उन्हें बाइक गिफ्ट की थी। जॉन अब्राहम अपनी फिल्म 'वेदा' की रिलीज के बाद फिल्म पठान के अपने को-स्टार शाहरुख खान की खूब तारीफ कर रहे हैं। अब टीवी चैट शो आपका अपना जाकिर में जॉन ने खुलासा किया कि शाहरुख ने पिछले साल उनकी फिल्म की शानदार सफलता के बाद उन्हें एक बाइक भी गिफ्ट की थी। जॉन ने कहा, "मेरी आखिरी फिल्म पठान उनके साथ थी। मुझे याद है कि फिल्म की रिलीज के बाद एक सक्सेस पार्टी थी और शाहरुख ने कहा था कि 'चलो जॉन, पार्टी करते हैं! अपनी पिक्चर चल रही है। अच्छी ओपनिंग मिल गई। मैंने बोला नहीं मुझे सोना हैय़ 'क्या, सोना है?' 'हां, मुझे सोना है।' तो उनको बोला क्या चाहिए तुम्हें? मैंने बोला एक मोटरसाइकिल दे दो बस।" इससे पहले जॉन ने शाहरुख के साथ काम करने के बारे में कहा था, "जब मेरा करियर शुरू हुआ तो एक मॉडलिंग प्रतियोगिता में शाहरुख मेरे जज थे और पठान के दौरान मैं उनके साथ काम कर रहा था।







# 'छावा' से विक्की का फर्स्ट लुक रिलीज



जॉभिनेता विक्की कौशल जल्द ही आगामी फिल्म 'छावा' में छत्रपति शिवाजी के बेटे छत्रपति संभाजी महाराज के रूप में नजर आएंगे। फिल्म का टीजर हाल ही में रिलीज किया गया था और इसने फिल्म को लेकर काफी उत्सुकता पैदा कर दी है। फर्स्ट लुक रिलीज से पहले विक्की कौशल अपनी आगामी फिल्म के लिए आशीर्वाद लेने सिद्धिविनायक मंदिर गए, जिसकी तस्वीरें सामने आ चुकी हैं। इस दौरान विक्की व्हाइट कुर्ते में नजर आए। उन्होंने बप्पा का आशीर्वाद लिया। इसके बाद उन्होंने प्रशंसकों के साथ तस्वीरें भी खिंचवाई और उनसे बात भी की। इसके साथ ही विक्की मुंबई में आयोजित छावा के बड़े पैमाने पर टीजर लॉन्च में भी शामिल हुए। विक्की को सिनेमा हॉल की छत पर खड़े देखा गया। इसके बाद उनका फर्स्ट लुक जारी किया गया, जो काफी दमदार है। इस दौरान प्रशंसकों की भीड़ काफी उत्साहित नजर आई। फिल्म का टीजर को पहली बार स्त्री 2 से पहले दिखाया गया था और इसने पहले ही प्रशंसकों को उत्साहित कर दिया था। टीजर की शुरुआत छत्रपति संभाजी महाराज के रूप में विक्की कौशल के परिचय से होती है। वे एक बहादुर सैनिक की तरह लड़ते हुए दिखाई देते हैं। अभिनेता ने छोटे से क्लिप में अपने लुक और एक्शन से सभी को प्रभावित किया है। टीजर में विक्की कौशल को एक शक्तिशाली और कमांडिंग भूमिका में दिखाया गया है। इस साल अप्रैल में विक्की ने लक्ष्मण की फिल्म के लिए वाई शेड्यूल को पूरा किया। मैडॉक फिल्म्स द्वारा निर्मित, छावा में रश्मिका मंदाना, अक्षय खन्ना, आशुतोष राणा, दिव्या दत्ता और नील भूपालम भी हैं। फिल्म में आशुतोष राणा सरसेनापती हंबीरराव मोहिते की भूमिका में नजर आएंगे। अक्षय खन्ना औरंगजेब का किरदार निभाएंगे, जबकि दिव्या सोयराबाई की भूमिका में नजर आएंगी। नील के किरदार के बारे में अभी जानकारी नहीं है। ए.आर. रहमान ने फिल्म के संगीत पर काम किया है। फिल्म 6 दिसंबर, 2024 को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है।